प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

नई दिल्ली में आज पंचायती राज मंत्रालय की आदर्श महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत पहल की शुरुआत हुई। पंचायती राज राज्य मंत्री प्रोफेसर एस. पी. सिंह बघेल तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक राष्ट्रीय सम्मेलन में इसका शुभारम्भ किया। यह पहल मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत की स्थापना करना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

00000

प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की साप्ताहिक गतिविधियो के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस कडी में जैसलमेर में जिला प्रशासन और महिला अधिकारिता विभाग की ओर से डाबला के सरकारी विद्यालय में बालिकाओ और महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण की थीम पर आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और आत्मरक्षा के गुर सीखने के लिए प्रेरित किया गया।

00000

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। वे झुंझुनूं के सांगासी गांव में महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वे वहां विद्यार्थियों से संवाद भी करेंगे। उपराष्ट्रपति का स्कूल परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम है। इस दौरान प्रतिभाशाली बच्चों को टेबलेट भी वितरित किये जायेंगे। इसके बाद श्री धनखड का जयपुर आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

00000

वाणिज्यिक कोयला खदानों से वित्त वर्ष 2024–25 के लिए कुल उत्पादन इस वर्ष फरवरी तक 167 मिलियन टन से अधिक हो गया है। यह पिछले वर्ष की अवधि के दौरान 126 मिलियन टन की तुलना में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। कोयला मंत्रालय ने बताया है कि कोयला ढुलाई में भी उल्लेखनीय वृद्धि आई है। मंत्रालय ने कहा है कि यह बिजली, इस्पात और सीमेंट जैसे प्रमुख क्षेत्रों को एक स्थिर और निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है।

00000

सवाई–माधोपुर में कृषि विभाग की ओर से आत्मा योजना के तहत सात दिवसीय अन्तर–राज्यीय कृषक भ्रमण दल को कृषि उद्यानिकी और आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीना ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह दल 10 मार्च तक भ्रमण करेगा। योजना के उप परियोजना निदेशक ने बताया कि इसमें 50 किसानों को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के विभिन्न अनुसंधान संस्थानों और कृषि विश्वविद्यालयों का भ्रमण कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि किसान इस दौरान नवाचार और उन्नत कृषि तकनीक की बारीकियां सीखेंगे।

00000

जन औषधि सप्ताह के तहत आज सवाई माधोपुर में प्रबुद्ध जन के लिए सेमिनार आयोजित की जा रही है। सप्ताह के अंतर्गत कल एक कदम मातृ शक्ति की ओर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिला सहभागिता एवं स्वच्छता विषय पर सेमिनार रखी गई। इसमें महिलाओं को पर्सनल हाईजीन के साथ ही पोषण संबंधी जानकारियां दी गई।

00000

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में आज लाहौर में दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। मैच दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। इस मुकाबले की विजेता टीम रविवार को फाइनल में भारत से खेलेगी। इससे पहले, कल शाम भारत ने दुबई में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई। 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए

भारतीय टीम ने 11 गेंद शेष रहते छह विकेट पर 267 रन बना लिए। 98 गेंदों में 84 रन बनाकर शीर्ष पर रहे विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

00000

प्रदेश में अचानक मौसम में बदलाव आने और सर्द हवाएं चलने से ठण्ड का असर बढ गया है। इससे तापमान में गिरावट आई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पिछले 24 घंटों में तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट आई है। सबसे कम 4 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान में भी गिरावट हुई है। श्री शर्मा ने बताया कि आगामी 24 घंटों में तापमान में थोडी और गिरावट के साथ सर्दी का असर बढने की संभावना है।

......

00000